प्रेस विज्ञप्ति

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश लखनऊ ।
दिनांक 28–02–2015

# वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन सम्पन्न

दिनांक 28–02–2015 को अपरान्ह पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ के सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन सम्पन्न हुआ ।

श्रीमती सुतापा सान्याल, अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 राज्य मानवाधिकार आयोग ने महिला सम्मान प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी प्रदान की । उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में विभिन्न वैधानिक पहलुओं के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओ, एनजीओ एवं संस्थानों आदि का सहयोग मिल रहा है। महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा नोडल अधिकारियों को निकट भविष्य में प्रशिक्षित भी किया जायेगा ।

श्री नवनीत सिकेरा, पुलिस महानिरीक्षक ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया । उन्होंने कहा कि बालिकाओं को समाज में घर से ही चुप रहने की बात बतायी जाती है, जबकि उन्हें अपनी परेशानी निर्भीक होकर 1090 पर करनी चाहिए । वूमेन पावर लाइन 1090 की कार्यवाही के दौरान पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाती है, उन्हें किसी थाने/चौकी पर नहीं बुलाया जाता। उनकी कॉल को महिला पुलिस अधिकारी द्वारा सुना जाता है और समस्या के समाधान तक उनसे वूमेन पॉवर लाइन सम्पर्क रखती है। अब तक 3 लाख 23 हजार 581 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 लाख 17 हजार 626 शिकायतों को हल किया जा चुका है । उन्होंने कहा 02 लाख महिला विशेष पुलिस अधिकारी बनाये जाने का निर्णय लिया गया है और अब तक 15 हजार पावर एंजिल जिन्हें विशेष पुलिस अधिकारी का दर्जा प्राप्त है, इन्हें कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

अन्त में श्री अनिल अग्रवाल, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात, उ0प्र0 द्वारा एन्टीग्रेटेड ट्राफिक मैनेजमेन्ट के संबंध में अपना प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसमें उन्होंने यातायात से सम्बन्धित वैधानिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी ।

**पी0आर0ओ0**